दिनांक : 19.03.2026 समय : 07.10 PM

# आकाशवाणी मध्यप्रदेश

मुख्य समाचार :—

- पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्रांस, ओमान और मलेशिया के नेताओं से फोन पर बात की।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज इंदौर से जल गंगा संवर्धन अभियान के तीसरे चरण की शुरुआत की।
- पेट्रोलियम मंत्रालय का दावा, पश्चिम एशिया में तनाव के बावजूद देश में गैस की कोई किल्लत नहीं।

और

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने अयोध्या के राम जन्मभूमि मंदिर में आरती कर वैदिक मंत्रों के बीच श्री राम यंत्र की स्थापना की।

..............

पीएम मोदी- फ्रांस, ओमान, मलेशिया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज पश्चिम एशिया की बिगड़ती स्थिति के बीच कई देशों के नेताओं से फोन पर बातचीत की। उन्होंने फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों, ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक और मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम से बात की। प्रधानमंत्री ने पश्चिम एशिया में जल्द से जल्द तनाव कम करने और शांति बहाल करने की बात कही। वहीं ओमान के साथ बातचीत में प्रधानमंत्री ने वहाँ फंसे हज़ारों भारतीयों को सुरक्षित निकालने में ओमान की मदद की तारीफ की।

## पीएनजी और सीएनजी की आपूर्ति

सरकार ने भरोसा दिलाया है कि पश्चिम एशिया में चल रहे घटनाक्रम के बावजूद देश में घरेलू पीएनजी और सीएनजी की आपूर्ति पूरी तरह सुनिश्चित है। पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने आज नई दिल्ली में बताया कि पिछले दो हफ्तों में सवा लाख से ज़्यादा नए कनेक्शन जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि एलपीजी को लेकर स्थिति थोड़ी चिंताजनक ज़रूर है, लेकिन भंडार खत्म होने का कोई खतरा नहीं है।

## राष्ट्रपति-अयोध्या

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज अयोध्या पहुंचीं और श्री राम जन्मभूमि मंदिर में आरती की। इस दौरान मंदिर की दूसरी मंजिल पर वैदिक मंत्रों के बीच श्री राम यंत्र की स्थापना भी की गई। एक सभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि देश इस वक्त सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक पुनर्जागरण के दौर से गुज़र रहा है और राम मंदिर इसका प्रतीक है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बताया कि पिछले एक साल में करीब 158 करोड़ श्रद्धालुओं ने उत्तर प्रदेश के विभिन्न मंदिरों में दर्शन किए।

## जल गंगा संवर्धन अभियान

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज इंदौर के इस्कॉन मंदिर से 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के तीसरे चरण की शुरुआत की। 30 जून तक चलने वाले इस 100 दिवसीय अभियान में पूरे प्रदेश में करीब ढाई हजार करोड़ रुपये के जल संरक्षण कार्य किए जाएंगे। इसके तहत नदियों, तालाबों, कुओं और बावड़ियों का पुनर्जीवन, दस हजार से अधिक चेक डैम की मरम्मत और वृक्षारोपण किया जाएगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने उपस्थित

जनसमूह को जल और जल स्रोतों के संरक्षण की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत पंचायतों से लेकर नगरीय निकायों तक व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जाएगा और एक लाख जलदूत भी तैयार किए जाएंगे।

प्रधानमंत्री- यूएन रिपोर्ट

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र की उस रिपोर्ट पर खुशी जताई है, जिसमें भारत में बाल मृत्यु दर में भारी गिरावट की तारीफ की गई है। प्रधानमंत्री ने एक्स पर लिखा कि यूएन ने बच्चों की मौत में तेज गिरावट के लिए भारत की सराहना की है। संयुक्त राष्ट्र की 2025 रिपोर्ट के मुताबिक, नवजात और पांच साल से कम उम्र के बच्चों की मौत कम करने में भारत दुनिया के प्रमुख देशों में शामिल है।

विक्रमोत्सव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भोपाल के रवींद्र भवन में विक्रमोत्सव-2026 के तहत आयोजित कोटि सूर्य उपासना कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य ने शकों को परास्त कर समाज में सद्भाव की नींव रखी और लोकतांत्रिक शासन का सूत्रपात किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके पुरुषार्थ से प्रारंभ हुआ विक्रम संवत् आज 2083वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। उन्होंने प्रदेशवासियों को गुड़ी पड़वा, नवरात्रि और नववर्ष की शुभकामनाएं भी दीं।

मुख्यमंत्री- जयपुर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार को जयपुर में उद्योगपतियों से मुलाकात करेंगे। आईटीसी राजपूताना होटल में आयोजित इस कार्यक्रम में वे निवेशकों को प्रदेश में उद्योग लगाने का न्योता देंगे। मुख्यमंत्री राज्य की नई औद्योगिक नीतियों और निवेश के अवसरों की जानकारी भी देंगे।

भीलवाड़ा के बाद जयपुर उनके निवेश आकर्षण अभियान का अगला पड़ाव है।

उपमुख्यमंत्री- मंदसौर

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने आज मंदसौर के पशुपतिनाथ मंदिर में विक्रम संवत् 2083 के शुभारंभ पर आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उन्होंने सूर्य उपासना कर ब्रहमध्वज की स्थापना की और भगवान पशुपतिनाथ की आरती में भाग लिया। इस अवसर पर सम्राट विक्रमादित्य के जीवन पर भव्य नाट्य प्रस्तुति भी हुई।

मुख्यमंत्री- इंदौर हादसा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज इंदौर के बंगाली चौराहे पर पुगलिया परिवार से मुलाकात की, जहाँ हाल ही में आग लगने से आठ लोगों की मौत हो गई थी। मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदनाएं जताईं और कहा कि इस घटना की जांच कराई जा रही है। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि भविष्य में ऐसे हादसे न हों, इसके लिए विशेषज्ञों से चर्चा कर जरूरी कदम उठाए जाएंगे।

चैत्र नवरात्रि

प्रदेश में चैत्र नवरात्रि के पहले दिन मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। दमोह में मां बड़ी देवी और मां कंकाली मंदिर, मैहर में मां शारदा देवी मंदिर और छिंदवाड़ा में श्री बड़ी माता मंदिर में दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने घंटों कतार में खड़े रहकर माता के दर्शन किए। कलश स्थापना के साथ विशेष पूजन, दुर्गा सप्तशती पाठ, हवन और आरती का आयोजन भी किया गया।

बोहरा समाज- ईद

भोपाल में आज बोहरा समाज ने ईद का पर्व सादगी और धार्मिक आस्था के साथ मनाया। शहर की प्रमुख मस्जिदों और मरकजों में सुबह से ही नमाज के लिए लोगों की भीड़ जुटी और देश-दुनिया में अमन व शांति की दुआ मांगी गई। नमाज के बाद समाजजनों ने एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी और भाईचारे का संदेश साझा किया।

सोना- चांदी

सोने-चांदी के दामों में आज बड़ी गिरावट देखने को मिली। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के मुताबिक, चांदी 20 हजार रुपए सस्ती होकर 2 लाख 30 हजार रुपए किलो पर आ गई, जबकि 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 8 हजार रुपए गिरकर 1 लाख 48 हजार रुपए पर पहुंच गया है।

मौसम का हाल

अब बात मौसम की। प्रदेश में नवरात्र के पहले दिन मौसम ने करवट ली और गर्मी से राहत मिली। बादलों की आवाजाही के साथ कई इलाकों में बारिश हुई, जबकि अनूपपुर, खंडवा और बुरहानपुर में आंधी के साथ ओले भी गिरे। कल 39 जिलों में बारिश का अनुमान है और अनूपपुर, मंडला और बालाघाट में ओले गिरने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के मुताबिक, एक साथ पांच मौसम सिस्टम सक्रिय होने से अगले कुछ दिन मौसम अस्थिर बना रहेगा।

समाचार संक्षेप में :-

- खंडवा के खालवा में करीब 20 करोड़ रुपये की लागत से सामुदायिक कला भवन और प्रशिक्षण केंद्र बनाया जाएगा।
- जबलपुर में टाइगर रिजर्व और नेशनल पार्क के वन अधिकारियों के लिए वाइल्डलाइफ फॉरेंसिक विभाग में एक दिवसीय कार्यशाला हुई।

- शिवपुरी में 26 मार्च को जिला रोजगार कार्यालय परिसर में रोजगार मेला लगेगा।
- नर्मदापुरम में रेडक्रॉस और चिरायु अस्पताल ने मिलकर जिला अस्पताल में मुफ्त नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर लगाया।
- देवास के मल्हार स्मृति मंदिर में विक्रमोत्सव-2026 के तहत सम्राट विक्रमादित्य पर भव्य नाट्य प्रस्तुति हुई।
- राजगढ़ में बालिका सुरक्षा और किशोर न्याय कानून पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई।

और

- अशोकनगर में नव संवत्सर पर राजा विक्रमादित्य पर आधारित नाटक का मंचन हुआ।

ueLdkjA